मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल का त्रैमासिक न्यूज लेटर

# जैवविविधता

अंक – 3

अक्टूबर – दिसम्बर 2021

## संपादकीय

### जैवविविधता का संरक्षण एवं संवर्धन



**डॉ धर्मेन्द्र वर्मा**
**सदस्य सचिव**

जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग तथा लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के क्रियान्वयन के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 अधिसूचित किये गये है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा जैविक संसाधनों तक पहुँच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बंटाना विनियम, 2014 (विनियम, 2014) की अधिसूचना जारी की गई है। जैवविविधता अधिनियम, 2002 जैवविविधता नियम, के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदेश में प्रत्येक स्थानीय निकाय स्तर (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पर 23,557 जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है। स्थानीय स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समिति के सहयोग से जैवविविधता का संरक्षण एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जैवविविधता का दस्तावेजीकरण किया जाना है। जैवविविधता का दस्तावेजीकरण अंतर्गत जैवविविधता प्रबंधन समिति द्वारा स्थानीय लोगों के परामर्श से लोक जैवविविधता पंजी का निर्माण किया जाना प्रावधानित है। लोक जैवविविधता पंजी में स्थानीय जैविक संसाधनों की उपलब्धता और ज्ञान, उनके औषधीय या किसी अन्य उपयोग या उनसे जुड़े किसी भी अन्य पारंपरिक ज्ञान की व्यापक जानकारी का समावेश किया जाता है।

इस परिप्रेक्ष्य में मध्य प्रदेश में समस्त स्थानीय निकाय स्तर पर डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी का निर्माण कार्य किया गया है। बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों को लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतन कार्य हेतु मार्गदर्शन तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मैदानी स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समितियों द्वारा जैवविविधता से सरोकार रखने वाले विभागों के सहयोग से डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी को निरंतर अपडेट किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में स्थानीय समुदाय का सहयोग भी आवश्यक है।

आशा है कि जैवविविधता प्रबंधन समितियो के स्तर पर जैवविविधता सरंक्षण एवं संवर्धन एवं जैवविविधता से संबंधित दस्तावेजीकरण कार्य में स्थानीय समुदाय, स्थानीय निकायों, एवं जैवविविधता के सहयोगी विभागों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

**शुभकामनाओं सहित।**

**(डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा)**
सदस्य सचिव

# जैवविविधता शिक्षा एवं जागरूकता

## 1. जिला स्तरीय कार्यक्रम मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ – 2021

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं लोक शिक्षण विभाग संचालनालय भोपाल के संयुक्त – तत्वा धान में प्रदेश में सभी 52 जिलों के विद्यालयीन छात्र –छात्राओं में जैवविविधता जागरूकता उत्पन्न करने के दृष्टिकोण से वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर जिला स्तरीय Madhya Pradesh Biodiversity Quiz Programme - **2021** का आयोजन जिला मुख्यालय पर दिनांक 05.10.2021 को किया गया।

बोर्ड के निर्देशानुसार तथा वन मण्डालाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में **प्रदेश के समस्त 52 जिलों के** जिला मुख्यालय स्तर पर शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयीन छात्र–छात्राओं (कक्षा 9वी से 12 वी तक) द्वारा कोविड–19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुये कार्यक्रम में भाग लिया गया। म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रतिभागियों के लिए पाठ्य सामग्री बोर्ड की बेवसाईट पर द्विभाषी (हिन्दी एवं अग्रेंजी) टेक्स बुक तथा प्रश्न बैंक के रूप में उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही बोर्ड द्वारा जैवविविधता आधारित लघु फिल्म के वीडियों में वेबसाईट पर उपलब्ध कराये गये।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के कुल 2491 विद्यालयों का पंजीयन किया गया। जिनमें 2187 विद्यालयों की प्रतिभागी टीमों, 104 जिला क्विज मास्टर, 2187 प्रभारी शिक्षक एवं 260 सहयोगी विभागों के अधिकारियों सहित सम्पूर्ण क्विज कार्यक्रम में कुल 9112 प्रतिभागियों ने लाभ प्राप्त किया।

जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड द्वारा प्रथम विजेता को राशि रू. 3,000.00 द्वितीय विजेता को राशि रू. 2100.00 एवं तृतीय विजेता को राशि रू. 1,500.00 का पुरस्कार प्रदान किया गया।







**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़– 2021 (जिला स्तर)**

## 2. राज्य स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह – 2021

वन विहार, राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल के प्रांगण में दिनांक 01–07 अक्टूबर 2021 को राज्य स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह–2021 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ श्री अशोक कुमार बर्णवाल प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा दिनांक 01.10.2021 को किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल के माध्यम से जैवविविधता के प्रचार –प्रसार किया गया। बोर्ड द्वारा जैवविविधता संरक्षण की दृष्टि से स्कूली छात्र–छात्राओं एवं आमजन हेतु स्पॉट प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा द्वारा बोर्ड के स्टॉल का निरीक्षण कर स्पॉट प्रश्नोत्तरी का शुभारंभ किया गया। प्रमुख सचिव महोदय एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्पॉट प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रतिभागिता की गई। इस अवसर पर श्री आलोक कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) मध्यप्रदेश श्री जसबीर सिंह चौहान, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन विभाग के अन्य शाखाओ के वरिष्ठ वन अधिकारी उपस्थित हुये। बोर्ड वन्यप्राणी सप्ताह की सम्पूर्ण अवधि में वन विहार के पर्यटकों में जैवविविधता जागरूकता उत्पन्न करने के मध्यप्रदेश जैवविविधता स्पॉट प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

वन्यप्राणी सप्ताह के समापन कार्यक्रम दिनांक 07.10.2021 के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन बल प्रमुख (म.प्र.) वन विभाग द्वारा बोर्ड द्वारा आयोजित स्पॉट प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट हेम्पर वितरित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा मध्यप्रदेश के पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों पर आधारित पुस्तक “Book on Threatened Birds of M.P.” एवं **मध्यप्रदेश राज्य ऑनलाईन जैवविविधता क्विज– 21 (राष्ट्रीय स्तर)** के पोस्टर का विमोचन किया गया।




**वन्यप्राणी सप्ताह 2021 समाापन के अवसर पर स्पॉट क्विज व “Book on Threatened Birds of M.P.” एवं मध्यप्रदेश राज्य ऑनलाईन जैवविविधता क्विज– 21 (राष्ट्रीय स्तर) के पोस्टर का विमोचन किया गया।**

## 3. अंतर्राष्ट्रीय वन मेला 2021 **(आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रदर्शनी)**

'आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित (वन विभाग) मध्यप्रदेश शासन द्वारा भोपाल में दिनांक 22 से 26 दिसम्बर 2021 तक अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला 2021 का आयोजन किया गया। इस वर्ष के वन मेला की विषय वस्तु ''लघु वनोपज से स्वास्थ्य सुरक्षा'' थी। वन मेला का शुभारंभ दिनांक 22.12.2021 को माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश शासन, डॉ. कुंवर विजय शाह, माननीय मंत्री, वन, मध्यप्रदेश शासन एवं श्री विश्वास, माननीय मंत्री, चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश एवं श्री पुष्कर सिंह, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल आदि के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता की प्रदर्शनी का भ्रमण एवं अवलोकन किया गया। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल द्वारा प्रदर्शित की गई प्रदर्शनी मेले में लगभग बीस हजार व्यक्तियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रदर्शनी स्टॉल पर जैवविविधता प्रबंधन समिति बीजापुर–जिला अनूपपुर, जैवविविधता प्रबंधन समिति, सोठावाड़ी, जिला–सिवनी द्वारा बोर्ड के स्टॉल में धान्य फसलें, तिलहनी फसलें, सब्जियों के बीज, कंदमूल एवं औषधीय पौधों की प्रदर्शनी लगाई गई।

**वन मेल में बोर्ड द्वारा संचालित प्रमुख गतिविधियां**–

- **स्पॉट क्विज़**– मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता स्पॉट क्विज़– 2021 का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। बोर्ड द्वारा दिनांक 22 से 26 दिसम्बर 2021 तक क्विज़ प्रभारीडॉ. कुनिका सिलोदिया, श्री विजेश हरियाले, डॉ. गौरव सिंह, श्री विवेक पाण्डे, श्री स्वप्निल चतुर्वेदी एवं श्री शुभम सिंह पंकज समस्त तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा प्रदर्शनी में सक्रिय रूप से भाग लिया गया।

- **जैवविविधता से संबंधित प्रचार – प्रसार**– बोर्ड द्वारा प्रचार सामग्री जिसमें जैवविविधता ब्रोशर, पक्षीयों के घर, बुकमार्क, लिफलेट्स, जैवविविधता संरक्षण से संबंधित पुस्तक आदि पुस्तक का वितरण किया गया।

ऑडियो विजुअल प्रचार–प्रसार–जैवविविधता प्रदर्शनी में टेलिविज़न के माध्यम से जैवविविधता संरक्षण, संवर्धन एवं लाभ का प्रभाजन, बच्चों से संबंधित चलचित्र, लोक जैवविविधता प्रबंधन समिति एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण से संबंधित चलचित्र, स्पॉट क्विज़ से संबंधित प्रश्नों को टेलिविज़न के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला 2021 के समापन समारोह के अवसर पर दिनांक 26.12.2021 को मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मध्यप्रदेश के मुख्य अतिथि, डॉ. कुंवर विजय शाह, माननीय मंत्री, वन, मध्यप्रदेश शासन, श्री अशोक बर्णवाल, प्रशासक, मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश एवं श्री पुष्कर सिंह, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल आदि के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता की प्रदर्शनी का भ्रमण एवं अवलोकन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला समिति के द्वारा जैवविविधता प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरान्त अंतर्राष्ट्रीय वन मेला के समापन समारोह में डॉ. कुंवर विजय शाह, माननीय मंत्री, वन, मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपालद्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु **द्वितीय स्थान** आने पर प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।








मान. राज्यपाल मध्यप्रदेश श्री मंगूभाई पटेल एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।














अंतर्राष्ट्रीय वन मेला–2021 दिनांक 22 से 26 दिसम्बर 2021 को मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा स्पॉट क्विज़ का आयोजन









अंतर्राष्ट्रीय वन मेला–2021 दिनांक– 22 से 26 दिसम्बर 2021 डॉ. कुंवर विजय शाह, माननीय मंत्री, वन, मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड को द्वितीय स्थान प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी से डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिव को प्रदान किया गया।

# जैवविविधता प्रबंधन समितियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम
# (वन विद्यालय द्वारा)

ग्रीन इण्डिया मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 18 वनमण्डलों में संवहनीय विकास के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों एवं जैविक संसाधनों का संरक्षण व संवर्धन हेतु स्थानीय निकाय स्तर पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समिति/संयुक्त वन प्रबंधन सह जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण किया जा रहा है। इस क्रम में वन विद्यालयों एवं वनमण्डल स्तर पर निम्नानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

| क्र | का नाम | प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजक | दिनांक | समितियों की संख्या | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर बैतूल | वनमण्डलाधिकारी स्तर | 08 एव 9 अक्टूबर 2021 | 1 | 20 |
| 2 | दक्षिण सिवनी | वनमण्डलाधिकारी स्तर | 13.10.2021 | 2 | 25 |
| 3 | पश्चिम बैतूल | वन विद्यालय स्तर | 28 एवं 29 दिसम्बर | 1 | 15 |

प्रशिक्षण कार्यक्रम के **प्रथम दिवस–** जैवविविधता का परिचय, मध्यप्रदेश एवं भारत की जैवविविधता, जैवविविधता के प्रकार एवं महत्व, ग्रीन इण्डिया मिशन का परिचय एवं उद्देश्य, राष्ट्रीय, प्रदेश एवं स्थानीय निकाय स्तर पर जैवविविधता संरक्षण हेतु त्रिस्तरीय संरचना, जैवविविधता अधिनियम, 2002, मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के उद्देश्य एवं महत्वपूर्ण प्रावधान, जैवविविधता प्रबंधन समितियों के गठन, उद्देश्य एवं कार्य, जैवविविधता दस्तावेजीकरण – लोक जैवविविधता पंजी का निर्माण, जैवविविधता एवं जैवसंसाधन आधारित पारंपरिक ज्ञान, जैवविविधता संरक्षण एवं जैव संसाधनों का संवहनीय विदोहन, विलुप्त हो रही प्रजातियों का संरक्षण एवं स्थानीय जैवविविधता एवं जैवसंसाधनों का सूचीकरण तथा **द्वितीय दिवस** – जैव संसाधनों से उद्भूत लाभ साम्यापूर्ण प्रभाजन, (जैवसंसाधनों का व्यापार करने वाले व्यापारियों का पंजीयन, व्यापारियों द्वारा संग्रहित वनोपज की जानकारी), व्यापारियों एवं विनिर्माताओं से प्राप्त लाभ प्रभाजन की राशि तथा जैवसंसाधनों के संग्रहण हेतु लेवि की प्राप्त राशि का जैवविविधता संरक्षण में उपयोग, स्थानीय जैवविविधता निधि का उपयोग एवं अभिलेखों का संधारण, जैवविविधता संरक्षण एवं जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग में स्थानीय समुदायों की सहभागिता तथा आजीविका एवं जैवसंसाधनों का मूल्य संवर्धन विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण

### 1. समीक्षा बैठक– वनमण्डल, जिला – सतना

लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक दिनांक 06/10/2021 को वनमण्डलाधिकारी कार्यालय, सतना में लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य की प्रथम समीक्षा बैठक वनमण्डलाधिकारी की अध्यक्षता व उपमंडलाधिकारी सतना डॉ. लाल सुधारकर सिंह द्वारा एवं मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड से तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह की उपस्थिति में सम्पन हुई। जिसमें लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत जनपद पंचायत– अमरपाटन, उचेहरा, मैहर, रामनगर, नागौद, सोहावल, नगर पालिका– मैहर, एवं नगर निगम–सतना के संबंधित पी.आई एवं को–पी.आई की समीक्षा बैठक में उपस्थिति रही एवं उनके द्वारा अब तक किये गये पंजी निर्माण की समीक्षा ली गई तथा उपस्थित सदस्यों को समय–सीमा में लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु सुझाव दिये गये। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा पंजी निर्माण कार्य में उत्पन्न समस्यों/कठिनाईयों से अवगत कराया गया तथा पंजी निर्माण के संधारण हेतु उक्त समस्यों का निराकरण हेतु सुझाव दिये गये। बैठक में जैवविविधता बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह द्वारा जैवविविधता अधिनियम 2002, मध्यप्रदेय राज्य जैवविवधित नियम 2004 एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के उद्देश्य, महत्व एवं पंजी निर्माण के आवश्यक प्रपत्रों, पंजी निर्माण (समय–सीमा) तथा इस परिपेक्ष्य में जैवविविधता प्रबंध समिति, संबंधित

विभाग (कृषि, वन, पशुपालन, शिक्षा, उद्यानिकी, सिंचाई, मत्स्य) आदि विभागों के साथ – साथ क्षेत्र के मैदानी कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त कर पंजी का निर्माण किया जाना संभव होगा। उपवनमण्डलाधिकारी सतना द्वारा लोक जैवविविधता पंजी निर्माण में अपनी ओर से संक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करते हुये उपस्थित पी.आई एवं को–पी.आई को वन विभाग द्वारा यथा संभव सहयोग करने की बात कही गई।



**वनमण्डलाधिकारी कार्यालय, सतना लोक जैवविविधता पंजी निर्माण की प्रथम समीक्षा बैठक दिनांक 06.10.2021 किया गया।**

## 2. समीक्षा बैठक – वनमण्डल, जिला– सागर

वनमण्डलाधिकारी जिला सागर में दिनांक 26.10.2021 में वन मण्डल कार्यालय में लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य के संबंध में वन मण्डलाधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजिन किया गया।

## 3. समीक्षा बैठक – वनमण्डल, जिला– उमरिया

वनमण्डलाधिकारी जिला– उमरिया में दिनांक 09.10.2021, वन मण्डल कार्यालय में लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य के संबंध में वन मण्डलाधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजिन किया गया। दिनांक 08.10.2021 को वनमण्डल कार्यालय, जिला– उमरिया काष्ठागार के नीलाम हॉल में लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य की प्रथम समीक्षा बैठक एवं लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण कार्य की भी समीक्षा वनमण्डलाधिकारी उमरिया की अध्यक्षता एवं मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड से तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह की उपस्थिति में सम्पन हुई। जिसमें लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के संबंधित पी.आई एवं को–पी.आई द्वारा अब तक किये गये पंजी निर्माण की समीक्षा ली गई तथा उपस्थित सदस्यों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु सुझाव दिये गये। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा पंजी निर्माण कार्य में उत्पन्न समस्यों/कठिनाईयों से अवगत कराया गया तथा पंजी निर्माण के संधारण हेतु उक्त समस्यों का निराकरण हेतु सुझाव दिये गये। बैठक में जैवविविधता बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह द्वारा जैवविविधता अधिनियम 2002, मध्यप्रदेश राज्य जैवविवधित नियम 2004 एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के उद्देश्य, महत्व एवं पंजी निर्माण के आवश्यक प्रपत्रों, पंजी निर्माण (समय–सीमा) तथा इस परिपेक्ष्य में जैवविविधता प्रबंध समिति, संबंधित विभाग (कृषि, वन, पशुपालन, शिक्षा, उद्यानिकी, सिंचाई, मत्स्य) आदि विभागों के साथ–साथ क्षेत्र के मैदानी कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त कर पंजी का निर्माण किया जाना संभव होगा। वनमण्डलाधिकारी उमरिया द्वारा लोक जैवविविधता पंजी निर्माण में अपनी ओर से संक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करते हुये उपस्थित पी.आई एवं को–पी.आई को वन विभाग द्वारा यथा संभव सहयोग करने की बात कही गई।

## 4. समीक्षा बैठक – मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा 4 समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नानुसार 8 जिलों के 7 जनपद पंचायतों एवं 11 ग्राम पंचायतों में तैयार की जा रही लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतनीकरण कार्य के समीक्षा की गई।

| क्र. | दिनांक | विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| | | जिला | जनपद | ग्राम पंचायत |
| 1. | 16.12.2021 | छिन्दवाड़ा | छिन्दवाड़ा | --- |
| 2. | 16.12.2021 | सागर | केशली | --- |
| 3. | 19.12.2021 | राजगढ | राजगढ | --- |
| | | | शाहनगर | --- |
| 4. | 13.12.2021 | बड़वानी | बड़वानी | पिपरानी |
| | | बैतूल | शाहपुर | पहावाड़ी |
| | | | | रायपुर (हीरावाड़ी) |
| | | | | मोदा |
| | | | | पवारझंडा |
| | | | | कोठा |
| | | सिवनी | कुरई | रमली |
| | | | केसलारी | रूमाल |
| | | पन्ना | पवई | कलदा |
| | | | | हाण्डा |
| | | | | सुलवानी कला |
| 5. | 30.12.2021 | जबलपुर | मझौली | --- |
| | | | सिहोरा | --- |

## 5. समीक्षा बैठक – जनपद पंचायत पिपरिया, जिला–होशंगाबाद

राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण, चेन्नई के विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा बोर्ड द्वारा जनपद पंचायत – पिपरिया, जिला– होशंगाबाद की तैयार की गई लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के अद्यतनीकरण कार्य की समीक्षा दिनांक 25.11.2021 को किया गया। एन.बी.ए. के विशेषज्ञ डॉ. व्ही.जी. मालती एवं डॉ. रामाकृष्णा द्वारा मंच पर उपस्थित होकर मध्यप्रदेश एवं जनपद पंचायत पिपरिया के लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्यों की सराहना की गई तथा अपने उद्बोधन में कहा गया कि सम्पूर्ण भारत में मध्यप्रदेश का कार्य उत्कृष्ट पाया गया है। बैठक में एन.बी.ए. अनुश्रवण समिति के सदस्यों द्वारा जनपद पंचायत पिपरिया एवं जनपद पंचायत सोहागपुर की लोक जैवविविधता पंजी का विमोचन किया गया।

बैठक में बोर्ड के निम्नानुसार सदस्य उपस्थित रहे– डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव (सीएण्डडी) म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल (म.प्र.)। डॉ. कुनिका सिलोदिया, तकनीकी विशेषज्ञ, श्री शुभम पंकज, तकनीकी विशेषज्ञ, श्री एम.एल. नायक, अध्यक्ष, जैवविविधता प्रबंधन समिति जनपद पंचायत पिपरिया, श्री नारायण दास कुरवेती, अध्यक्ष, जैवविविधता प्रबंधन समिति जनपद पंचायत सोहागपुर, जिला होशंगाबाद, श्री राजेश माहेश्वरी, प्राचार्य, शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय, पिपरिया जिला होशंगाबाद, डॉ. रवि उपाध्याय, वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पी.आई. जनपद सोहागपुर, जिला होशंगाबाद, डॉ. अनिता सेन, प्राध्यापक, पी.आई जनपद पंचायत बावई, जिला होशंगाबाद, श्री राजराठी, प्राध्यापक, कार्यक्रम संचालक एवं पी.आई जनपद बनखेडी, जिला होशंगाबाद, श्री विनोद माझी, को–पी.आई, जनपद पंचायत सोहागपुर, होशंगाबाद, डॉ. सुनील कुमार, प्राध्यापक एवं पी.आई. जनपद पिपरिया, जिला होशंगाबाद उपस्थित हुये। महाविद्यालय में जैवविविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों, सहयोगी विभागों के प्रतिनिधि एवं पी–आई एवं को–पीआई उपस्थित थे।





**राष्ट्रीय जैवविविधता प्रधिकरण चैन्नई समिति के सदस्यगण एवं अध्यक्ष, जैवविविधता प्रबंधन समिति जनपद पंचायत – पिपरिय द्वारा लोक जैवविविधता पंजी का विमोचन किया गया।**

## 6. समीक्षा बैठक – जनपद पंचायत बिछुआ, जिला–छिंदवाडा

राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण, चेन्नई के विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा बोर्ड द्वारा जनपद पंचायत – बिछुआ, जिला– छिन्दवाड़ा की तैयार की गई लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के अद्यतनीकरण कार्य की समीक्षा दिनांक 26.11.2021 को किया गया। इस अवसर पर जैवविविधता प्रबंधन समिति, जनपद पंचायत, बिछुआ द्वारा वैज्ञानिक आधार पर तैयार की गई लोक जैवविविधता पंजी का विमोचन जनपद पंचायत बिछुवा के सभागृह में देश के विख्यात साइंटिस्टो में डॉ. रामाकृष्णा (राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चेन्नई – सेवानृत संचालक ज़ूलॉजिकल सर्वे ऑफ़ कर्णाटक,) डॉ. विजय मालती (राष्ट्रीय जैविविधता प्राधिकरण चेन्नई ) के हस्ते किया गया। इस पंजी का निर्माण डॉ. ओमकार बविस्टाले, बॉटनिस्ट, अब्दुल हके खान, प्रिंसिपल शासकीय विघालय रामाकोना, राजकुमार धुर्वे शोधार्थी के दारा दो वर्षो की कठिन मेहनत के बाद किया गया, इनके दारा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले 51 ग्राम पंचायत के 145 गावो उनसे लगे वन, जंतु, ओषधि, पारपंरिक ज्ञान, विलुप्त प्रजाति, आदि जानकारी को इस पंजी में पंजीबद्ध किया गया है। बैठक हेतु दौरा कार्यक्रम में एन.बी.ए. कमेटी के साथ बोर्ड के निम्नानुसार सदस्य उपस्थित रहे– डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव (सीएण्डडी) म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल (म.प्र.)। डॉ. कुनिका सिलोदिया, तकनीकी विशेषज्ञ, श्री शुभम पंकज, तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित हुए। बिछुआ, जनपद पंचायत के श्रीमति ममता कुलस्ते, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्रीमति पुष्पा उईके, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं श्री इन्द्रपाल सिंह पटेल, अध्यक्ष, जैवविविधता प्रबंधन समिति जनपद पंचायत– बिछुआ के सक्रियता के कारण लोक जैवविविधता पंजी निर्माण का कार्य समय पर उत्कृष्ट तरीके से पूर्ण किया गया है। लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य में समस्त समस्त जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर जैविविधता बोर्ड़ भोपाल के सहायक सदस्य सचिव, डॉ. बकुल लाड़ एवं तकनीकी विशेषज्ञ, श्री शुभम सिंह पंकज जनपद पंचायत कार्यपालन अधिकारी ममता कुलस्ते, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा उइके, जैवविविधता समिति के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल, शिक्षा विभाग से डॉक्टर नविन वर्मा, डॉक्टर नारयण सिंह, वन विभाग से रेंज ऑफिसर रामानंद कस्तवार, एग्रीकल्चर विगाग से दीपक चौरसिया महिला बाल विकास विभाग से जाया पाटिल, पशु विभाग से डॉक्टर नेहा साहू, सवास्थ विभाग से अर्जुन सिंह ठाकुर, सवास्थ विभाग से अर्जुन सिंह ठाकुर, तहसीलदार सर उइकेजी, जिला पंचायत से ओम सूर्यवंशी, वेद, हाकिम, व्यापारी, तथा विद्यार्थी, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जैवविविधता प्रबंधन समिति की बैठक (लोक जैवविविधता पंजी निर्माण अद्यतनीकरण)

| क्र. | निकाय का स्तर | जैवविविधता प्रबंधन समिति का नाम | बैठक दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत– | केवलारी, जिला– सिवनी | 02.10.2021 |
| 2. | जनपद पंचायत | डबरा, जिला– ग्वालियर | 04.10.2021 |
| 3. | जनपद पंचायत | गोहपारू, जिला– शहडोल | 05.10.2021 |
| 4. | जनपद पंचायत | मझौली, जिला –जबलपुर | 23.11.2021 |
| 5. | नगर पालिका | नगर पालिका पन्ना जिला– पन्ना | 19.12.2021 |
| 6. | नगर पालिक | नगर पालिक– बुरहानपुर, जिला– बुरहानपुर | 30.12.2021 |

जैवविविधता प्रबंधन समिति – ग्राम पंचायत– केवलारी, जिला– सिवनी में ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2021 के अवसर पर ग्राम पंचायत केवलारी जिला –सिवनी में लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण हेतु श्री राजेश टेमरे, मास्टर ट्रेनर के सहयोग से जैवविविधता प्रबंधन समिति के सदस्यो के साथ दिनांक 02.10.2021 को बैठक का आयोजन किया गया।

जैवविविधता प्रबंधन समिति – जनपद पंचायत डबरा, जिला– ग्वालियर में लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक दिनांक 04.10.2021 को जनपद पंचायत – डबरा, जिला ग्वालियर में जैवविविधता प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक आयोजन किया गया।

जैवविविधता प्रबंधन समिति – जनपद पंचायत– गोहपारू, जिला– शहडोल में लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक दिनांक 05.10.2021 को जनपद पंचायत– गोहपारू जिला –शहडोल में जैवविविधता प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।

जैवविविधता प्रबंधन समिति – जनपद पंचायत– मझौली, जिला – जबलपुर, पन्ना एवं बुरहानपुर में लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक जनपद पंचायत – मझौली, जबलपुर दिनांक 23.11.2021 को जैवविविधता प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक आयोजन किया गया। जिला– पन्ना जनपद– नगर पालिका पन्ना में दिनांक 19.12.2021, नगर पालिक– बुरहानपुर, जिला – बुरहानपुर में दिनांक 30.12.2021 जैवविविधता जागरूकता हेतु स्थानीय निकायों (जनपद पंचायतों) एवं नगरीय निकाय (नगर पालिका) स्तर पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों की निम्नानुसार ऑनलाईन बैठक का आयोजन किया गया।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जैवविविधता जागरूकता कार्यशाला

## (जनपद पंचायत – पिपरिया –जिला होशंगाबाद)

मध्यप्रदेश के समस्त जिलो में स्थानीय निकाय स्तर (जनपद पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका) पर लोक जैवविविधता पंजियों का निर्माण किया गया है। पंजी निर्माण का अद्यतनीकरण कार्य विद्यालय/महाविद्यालय के जैवविविधता आधारित विषयों के अध्यापक/प्राध्यापको (पी.आई एडं को–पी.आई) द्वारा संपादित किया गया है। इस उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा दिनांक 25 एवं 26 नंवबर 2021 को जिला होशंगाबाद एवं जिला छिंदवाडा में दो दिवसीय जैवविविधता प्रबंधन समिति, जनपद पंचायत स्तर पर समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव (सीएंडडी), म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा बोर्ड की प्रदेश स्तर पर उपलब्धि से अवगत कराया गया, जिसके अनुसार मध्यप्रदेश राज्य में 23557 पी.बी.आर. का निर्माण द्वितीय डाटा के आधार पर किया जा चुका है। जिसमें 52 जिले 313 जनपद, 22814 ग्राम पंचायत एवं 378 नगरीय निकाय सम्मिलित हैं। लोक जैवविविधता पंजी का अपडेशन कार्य स्कूल एवं कॉलेजों के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त कार्य हेतु कुल 200 जनपद पंचायत स्तरीय, 37 ग्राम पंचायत, 9 नगर निगम एवं 67 नगर पालिका परियोजना कार्यों को संस्थागत स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण, चैन्नई द्वारा नामांकित राष्ट्रीय स्तर के लोक जैवविविधता पंजी अनुश्रवण समिति (राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण मॉनिटरिंग एवं रिव्यू कमेटी) के सदस्यों डॉ. व्ही.जी. मालती, से.नि. वरिष्ठ वैज्ञानिक, इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च, पूसा नई दिल्ली एवं डॉ. रामाकृष्णा, से.नि. संचालक, जूलॉजीकल सर्वे ऑफ इंडिया, नई दिल्ली का दौरा कार्यक्रम प्रत्यक्ष रूप से जनपद स्तर पर आयोजित किया गया। दिनांक 25 नवम्बर 2021 को जनपद पंचायत पिपरिया में आयोजित कार्यशाला में श्री एम.एल. नायक अध्यक्ष, जनपद पंचायत पिपरिया एवं श्री नारायण दास कुरवेती, अध्यक्ष, बी.एम.सी. जनपद पंचायत सोहागपुर, द्वारा कार्यक्रम का उद्बोधन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रवि उपाध्याय, पी–आई एवं को–पीआई द्वारा लोक जैवविविधता पंजी निर्माण की कार्यशैली एवं मैदानी स्तर पर संपादित किया गया डाटा एकत्रिकरण प्रक्रिया, प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुतीकरण में पिपरिया जनपद में पाई जाने वाली जैवविविधता जैसे–कृषि जैवविविधता, वानिकी, उद्यानिकी, जीव जन्तुओं के छायाचित्र सहित विवरण समाहित था। इसके अलावा पी–आई एवं को–पीआई द्वारा किये गये जैवविविधता प्रबंधन समिति की बैठकों, ग्रामीण सहभागिता (पी.आर.ए.), क्षेत्रीय सर्वे इत्यादि का भी विवरण पी.बी.आर. टाईम लाईन अनुसार कार्यों का विवरण भी प्रस्तुतीकरण में समाहित किया गया।

पिपरिया जनपद की स्थानीय जैवविविधता जैसे दालों की 12 प्रजातियॉ, हथजोड, मुसली, जटामांसी, सकुची, मेडसिंगी, काकडासिंगी, बहेडा, बालहर, कालीमूसली, बिदारीकंद, महुआ, राजगिरा, मैदाछाल, ब्राहमी, अश्वगंधा इत्यादि औषधीय जडी–बूटियों एवं कृषि जैवविविधता का अवलोकन किया गया।



लोक जैवविधिता पंजी अनुश्रवण समिति राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई के सदस्यों द्वारा पारंपरिक बीजो एवं वन औषधि प्रदर्दनी का अवलोकन किया गया।



लोक जैवविधिता पंजी अनुश्रवण समिति राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई के सदस्य वैज्ञानिक श्री रामकृष्ण द्वारा कार्यशाला को संबोधित किया गया।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जैवविविधता जागरूकता कार्यशाला

## ( जनपद पंचायत बिछुआ, जिला–छिंदवाडा )

लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के अद्यतनीकरण कार्य की समीक्षा बैठक हेतु दौरा कार्यक्रम में एन.बी.ए. कमेटी के साथ बोर्ड के निम्नानुसार सदस्य उपस्थित रहे– डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव (सीएण्डडी) म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल (म.प्र.)। श्री शुभम पंकज, तकनीकी विशेषज्ञ, पीबीआर, म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल (म.प्र.)। लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के अद्यतनीकरण कार्य की समीक्षा बैठक हेतु दौरा कार्यक्रम में जनपद पंचायत स्तरीय सदस्य निम्नानुसार उपस्थित रहे– श्री इन्द्रपाल सिंह पटेल, अध्यक्ष, बी.एम.सी. जनपद पंचायत बिछुआ, जिला छिंदवाडा, श्रीमती पुष्पा उईके, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत बिछुआ, जिला छिंदवाडा, श्रीमती ममता कुलस्ते, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बिछुआ, जिला छिंदवाडा, डॉ. ओमकार बाविसतले, पी.आई. जनपद पंचायत–बिछुआ, शासकीय पी.जी. कॉलेज, जनपद पंचायत सौंसर जिला छिंदवाडा, अब्दुल हक खान, –पी.आई. जनपद पंचायत–बिछुआ, शासकीय पी.जी. कॉलेज, जनपद पंचायत सौंसर जिला छिंदवाडा।

कार्यशाला के द्वितीय दिवस दिनांक 26.11.2021 का कार्यक्रम जनपद पंचायत बिछुआ कार्यालय जिला छिंदवाडा में प्रायोजित किया गया। बैठक सह कार्यशाला के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत किया गया इसके उपरांत डॉ. ओमकार बाविसतले, पी.आई द्वारा लोक जैवविविधता पंजी कार्य का संक्षिप्त विवरण बैठक में उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। डॉ. ओमकार बाविसतले, पी.आई एवं डॉ. अब्दुल खान, को–पी.आई. द्वारा लोक जैवविविधता पंजी निर्माण की कार्यशैली एवं मैदानी स्तर पर संपादित किया गया डाटा एकत्रिकरण प्रक्रिया, प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुतीकरण में बिछुआ जनपद में पाई जाने वाली जैवविविधता जैसे–कृषि जैवविविधता, वानिकी, उद्यानिकी, जीव जन्तुओं के छायाचित्र सहित विवरण समाहित था। इसके अलावा पी–आई एवं को–पीआई द्वारा किये गये जैवविविधता प्रबंधन समिति की बैठकों, ग्रामीण सहभागिता (पी.आर.ए.), क्षेत्रीय सर्वे इत्यादि का भी विवरण पी.बी.आर. टाईम लाईन अनुसार कार्यों का विवरण भी प्रस्तुतीकरण में समाहित किया गया। प्रस्तुतीकरण उपरांत एन.बी.ए. की समिति द्वारा पी.बी.आर. निर्माण के संबंध में आवश्यक तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करने हेतु तदुपरांत डॉ. व्ही.जी. मालती एवं डॉ. रामाकृष्णा द्वारा मंच पर उपस्थित होकर मध्यप्रदेश एवं जनपद पंचायत बिछुआ के लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्यों की सराहना की गई एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण प्रक्रिया में आई समस्याओं एवं उसके निराकरण पर चर्चा की गई। एन.बी.ए. सदस्यों द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि सम्पूर्ण भारत में मध्यप्रदेश का कार्य सर्वश्रेष्ठ पाया गया है, जिसमें बिछुआ की लोक जैवविविधता पंजी एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत की गई है। जनपद पंचायत बिछुआ के पी.बी.आर. का विमोचन एन.बी.ए., सदस्यों, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं पी–आई एवं को–पी आई की उपस्थिति में जैवविविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्षों द्वारा किया गया। अतः में अब्दुल हक खान, को–पी.आई. जनपद पंचायत–बिछुआ द्वारा मोमेन्टो प्रदाय कर धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।






लोक जैवविविधता पंजी का विमोचन

एन.बी.ए.सदस्यों द्वारा बैठक का उद्‌बोधन







लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य के संबध में डॉ. बकुल लाड सहायक सदस्य सचिव का उद्‌बोधन





गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2021 के अवसर पर जैवविविधता प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत केवलारी बैठक का आयोजन



वनमण्डलाधिकारी कार्यालय उमरिया लोक जैवविविधता पंजी निर्माण की प्रथम समीक्षा बैठक दिनांक 08.10.2021

## जैवविविधता पार्क की स्थापना

जैवविविधता पार्क की स्थापना के संबंध में दिनांक 06.10.2021 योजना एवं वास्तुकला विद्यालय भोपाल में डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिव एवं डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड बैठक में उपस्थित हुये।




मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड कार्यालय में जैवविविधता पार्क की स्थापना के संबंध में दिनांक 06.10.2021 को समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

## जैवविविधता पार्क की स्थापना समीक्षा बैठक

भोपाल में जैवविविधता पार्क की स्थापना की समीक्षा हेतु श्री अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा दिनांक 12.10.2021 को अपरान्ह 12.30 उनके प्रतिकक्ष वल्लभ भवन, भोपाल में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश, श्री अलोक कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), मध्यप्रदेश, डॉ धर्मेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, श्री सत्यानंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड, श्रीमती पद्माप्रिय बालाकृष्णन, सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग, डॉ बकुल लाड़, सहायक सदस्य सचिव (सी. एण्ड डी.), मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड उपस्थित हुए। बैठक में डॉ धर्मेन्द वर्मा, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा भोपाल में जैवविविधता पार्क की स्थापना की प्रगति के संबंध में बोर्ड द्वारा अद्यतन की गयी कार्यवाही से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। विस्तृत विचार–विमर्श उपरांत प्रमुख सचिव, वन विभाग द्वारा निम्नानुसार सुझाव दिये गयेः– भोपाल में वृहद स्तर पर अद्विितीय जैवविविधता पार्क तैयार करने का Concept Note शीघ्र तैयार किया जावे। पार्क में जैवविविधता संरक्षण के साथ ईको पर्यटन को विशेष रूप से सम्मिलित किया जावे ताकि ज्यादा से ज्यादा आम नागरिक इसका लाभ प्राप्त कर सके। बैठक धन्यवाद के बाद सम्पन्न हुई।



**प्रमुख सचिव, वन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के प्रतिकक्ष में दिनांक 12.10.2021 को अपरान्ह 12.30 बैठक आयोजन किया गया।**

## मध्यप्रदेश राज्य ऑनलाईन जैवविविधता क्विज–2021 (राष्ट्रीय)


मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता धरोहर,जैवविविधता संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरण आदि विषयों के प्रति जागरूकता फैलाने और ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से 24.10.2021 को राष्ट्रीय स्तर पर **जनसंपर्क विभाग**, मध्यप्रदेश के **mpmygov.in पोर्टल पर** माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता ऑनलाइन क्विज 2021 (राष्ट्रीय) स्तर पर आयोजन किया गया। इस क्विज में 28 राज्यों एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के 23,507 प्रतिभागियो द्वारा पंजीयन किया गया तथा प्रतियोगिता में 26 राज्यों एवं 7 केन्द्र शासित प्रदेशों के संख्या 10,282 द्वारा प्रतियागिता में भाग लिया गया। बोर्ड द्वारा प्रथम 100 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।




## जैवविविधता जागरूकता कार्यशाला (वेबिनार)

महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी एवं महाराष्ट्र राज्य जैवविविधता बोर्ड, नागपुर द्वारा_"Implementation of Access and Benefit Sharing : Sustaining Indian Biodiversity" विषयक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 नवंबर, 2021 को किया गया। जिसमें म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा भी प्रतिभागिता की गई। इस वेबिनार में दिनांक 13 नवंबर, 2021 को राउण्ड टेबल थीम 2 ''Stakeholder participation and role and contribution of CSR'' विषय पर म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ धमेन्द्र वर्मा द्वारा जैवविविधता लाभ प्रभाजन एवं बौद्धिक संपदा तथा जैवविविधता अधिनियम, 2002 के प्रावधानों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुतिकरण में सदस्य सचिव ने जैवविविधता अधिनियम, 2002 अतंर्गत लाभ प्रभाजन (ABS) एवं सीएसआर के माध्यम से संयुक्त रूप से जैवविविधता संरक्षण हेतु कार्य किया जा सकता है। म.प्र.जै.वि.बोर्ड की ओर से इस वेबिनार में डॉ बकुल लॉड, सहायक सदस्य सचिव, (सी.एण्ड.डी), श्री विवेक पाण्डेय, तकनीकी विशेषज्ञ (NRM) एवं श्री स्वप्निल चतुर्वेदी, तकनीकी विशेषज्ञ (विधि) उपस्थित हुए।





## ''जैवविविधता जागरूकता क्विज कार्यक्रम'' का आयोजन

एस.ओ.एस. बालग्राम के निराश्रितों बच्चों में जैवविविधता जागरूकता अंतर्गत ''जैवविविधता जागरूकता क्विज कार्यक्रम'' का आयोजन दिनांक 01.11.2021 को एस.ओ.एस. बालग्राम, पिपलानी, भोपाल के प्रांगण में आयोजित किया गया।




## कर्नाटक जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवसंसाधनों तक पहुँच एवं उद्भूत लाभों के साम्यपूर्ण प्रभाजन हेतु बैठक

जैवसंसाधनों तक पहुॅच एवं उद्भूत लाभों के साम्यपूर्ण प्रभाजन (ए.बी.एस.) एवं राज्य जैवविविधता निधि को स्थानीय समुदाय (बीएमसी) तक पहुॅचाने की दिशा में बोर्ड द्वारा की जा रही गतिविधियों के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु कर्नाटक जैवविविधता बोर्ड द्वारा दिनांक 15.11.2021 से 18.11.2021 तक बैंगलोर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड के सहायक सदस्य सचिव, डॉ. एलिजाबेथ थॉमस द्वारा प्रतिभागिता की गई।




## आईसर कोलकाता को स्वीकृत परियोजना की समीक्षा बैठक

दिनांक 13.12.2021 को मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा आईसर कोलकाता को स्वीकृत परियोजना – Biodiversity Conservation under Green India Mission की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईसर टीम द्वारा तैयार किये गये **बायोडायवर्सिटी मॉनिटरिंग प्रोटोकॉल** के संबंध में बोर्ड के मास्टर ट्रेनर्स के साथ परामर्श किया गया।





1. म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड के सभागार में छिंदवाड़ा वनवृत्त के व्यापारियों के साथ जैवविविधता अधिनियम, 2002 के क्रियान्वयन के संबंध में लाभ प्रभाजन एवं प्रक्रिया में आ रही कठिनाईयों एवं समस्याओं के संबंध में दिनांक 23.12.2021 को अपरान्ह 3.30 बैठक का आयोजन किया गया जिसमें वनवृत्त स्तर पर व्यापारियों को जैवविविधता अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीयन के संबंध में आ रही कठिनाईयों के विषय में चर्चा एवं लाभ प्रभाजन एवं अनुबंध की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।
2. भोपाल के लाल परेड मैदान में दिनांक 22.12.2021 से 26.12.2021 तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला 2021 में आये हुए कुल 60 वैद्य, हकीम, व्यापारी, विर्निमाताओं एवं पारंपरिक ज्ञान धारकों द्वारा उपयोग किये जा रहे जैवसंसाधनों एवं उनके औषधीय उपयोग से संबंधित जानकारी को मेले के विभिन्न स्टालों से एकत्रित की गई। जो भविष्य में बोर्ड द्वारा आयोजित किये जाने वाली गतिविधियों एवं जैवविविधता संरक्षण में सहायक होगी।

## राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई द्वारा आयोजित वेबिनार एवं बैठक

1. राज्य जैवविविधता बोर्ड माह अक्टूबर 2021 में संपादित कार्यो की ऑनलाईन समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 28.10.2021 को किया गया। राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई द्वारा आयोजित ऑनलाईन समीक्षा बैठक में बोर्ड द्वारा एजेण्डावार जानकारी प्रदान की गई।
2. राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई द्वारा आयोजित ऑनलाईन समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड माह नवम्बर 2021 में संपादित कार्यो की ऑनलाईन समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 30.11.2021 को किया गया। बैठक में एजेण्डावार जानकारी प्रदान की गई।
3. राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई द्वारा आयोजित ऑनलाईन समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड माह दिसम्बर 2021 में संपादित कार्यो की ऑनलाईन समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 29.12.2021 को किया गया। बैठक में एजेण्डावार जानकारी प्रदान की गई।

## जैवविविधता समाचार पत्रों में



दैनिक भास्कर होशंगाबाद भास्कर 06-10-2021

**जैव विविधता क्विज में 146 विद्यार्थियों ने लिया भाग**



दैनिक भास्कर शाजापुर 06-10-2021

**36 टीमों के 108 विद्यार्थियों के बीच जिला स्तरीय मुकाबला**

# जैवविविधता समाचार पत्रों में

हरिभूमि
भोपाल - सीहोर भूमि
8 Oct 2021

## जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज में नूतन स्कूल रहा विजेता



सीहोर। मप्र राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल, मप्र स्कूल शिक्षा विभाग व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान जैव विविधता क्विज ऑफलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता शा उत्कृष्ट उमावि सीहोर में हुई। प्रतियोगिता में सीहोर जिले के 50 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के 150 छात्र-छात्राओं ने अपने मार्गदर्शी शिक्षक के साथ भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में विजेता नूतन स्कूल रहा।

प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर चन्द्रमोहन ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का एक संस्था से 3 सदस्यीय एक दल ने भाग लिया। लिखित परीक्षा जिला स्तरीय मप्र राज्य जैव विविधता क्विज आयोजित की गई। इसके बाद मूल्यांकन उपरांत जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का निर्धारण किया गया। समापन कार्यक्रम में डीएफओ डॉ. अनुपम सहाय, उपवन मंडलाधिकारी राजेश शर्मा, डीईओ उदय उपेंद्र भिड़े, जिला परियोजना समन्वयक अनिल श्रीवास्तव, प्राचार्य आरके बांगरे, प्राचार्य आलोक शर्मा की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

विजेताओं को किया पुरस्कृत : प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नूतन हासे स्कूल के दल ने प्राप्त किया। जिसमें आर्यन त्यागी, लिपिका ठाकुर, लक्ष्मी त्यागी को 3000 रुपए का चेक व मेडल, द्वितीय स्थान जन्नू बाई हाईस्कूल सीहोर के कशिश पाटीदार, दीक्षा खूबचंदानी, पार्थ राठौर को 2100 रुपए का चेक व मेडल, तृतीय पुरस्कार शासकीय उत्कृष्ट उमावि सीहोर के तनीशा राठौर, सुष्मिता वर्मा, रिदिमा चौकसे को 1500 रुपए का चेक व मेडल अतिथियों ने प्रदान किए। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम राज्य स्तर पर सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता में क्विज मास्टर माधव सिंह यादव, शिखरचन्द जैन, संजय जादौन, देवेंद्र साहू, शैलेंद्र चंदेल, हेमंत मालवीय, संजय सक्सेना, नरेश मेवाड़ा का सहयोग रहा। स्वागत भाषण राजेश शर्मा, व आभार आवासीय स्कूल प्राचार्य आलोक शर्मा ने किया।

## जैव विविधता पर क्विज स्पर्धा, बच्चों ने दिए जवाब



उत्कृष्ट विद्यालय में प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों के साथ अधिकारी।

छिंदवाड़ा। जैव विविधता बोर्ड भोपाल, वन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा में जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज 2021 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रकृति, मानव, वनस्पति और वन्य प्राणी के गहरे संबंधों की जानकारी प्राप्त की। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य वन संरक्षक केके भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिम वनमंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे ने की। सीसीएफ केके भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे आस-पास उपस्थित जैव विविधता का संरक्षण करें और विभिन्न जैव प्रजातियों को बचाकर रखें। डीएफओ ईश्वर जरांडे ने कार्यक्रम की सराहना की और विद्यार्थियों के द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने को जैव विविधता संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। इस प्रतिस्पर्धा में छिन्दवाड़ा जिले के 48 विद्यालयों के 144 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शासकीय उत्कृष्ट छिन्दवाड़ा के प्राचार्य अवधूत काले के संयोजन में प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिला नोडल अधिकारी प्राचार्य अंकुर दत्त खान, क्विज मास्टर धीरेन्द्र दुबे एवं सुशील चौरसिया तथा एसडीओ फॉरेस्ट भारत मोहनी एवं आरएस धुर्वे, एसडीओ फॉरेस्ट एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। मूल्यांकनकर्ता के रूप में श्रीमती प्रांजुल श्रीवास्तव एवं शिवा कुरैशी ने अपना योगदान दिया।

### यह रहे विजयी

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम के रश्मि शर्मा, कृष्णा मिश्रा, कल्याण मजूमदार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर शासकीय उमावि माध्यमिक कुण्डालेपेट के स्नेहा रघुवंशी, तरुण सूर्यवंशी और रश्मि रघुवंशी रहीं। तृतीय स्थान माता भारती विद्यालय छिंदवाड़ा के भूमिका गोविन्द पाल, फाल्गुनी साहू और उत्सव भास्कर मिश्रा ने अर्जित किया। प्रथम स्थान पर आने वाली शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा की टीम राज्य स्तर पर छिंदवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

कॉलेज में प्राधिकरण समिति ने की समीक्षा

अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन, की सुरक्षा की मांग



शिक्षक को ... वीडियो वायरल

मप्र उच्च न्यायालय का फैसला...

रेस्ट हाउस भूमि विक्रय याचिका पर रोक

पुलिस और ... ओवरलोड

### जैव विविधता पंजी अद्यतन कार्य की हुई समीक्षा

## देश के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने किया विमोचन

# मध्यप्रदेश में पिपरिया की जैव लोक विविधता पंजी अव्वल



प्रदेश के लिए बनेगा मॉडल

इसलिए हुई सराहना

## जैवविविधता पंजी कार्य की समीक्षा बैठक

पिपरिया. भगत सिंह कॉलेज में जैवविविधता पंजी कार्य की समीक्षा बैठक व जैवविविधता प्रथम पंजी निर्माण का विमोचन किया गया। बैठक नेशनल बायोडायवरसिटी अथॉरिटी एवं राज्य जैवविविधता बोर्ड की देखरेख में आयोजित हुई। जिसमें पिपरिया जनपद, बनखेडी, सोहागपुर जनपद की लोक जैवविविधता पंजी प्रस्तुत की गई। लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य का प्रस्तुतीकरण, जैवविविधता प्रबंधन समिती का शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों के साथ बैठक कर जैवविविधता पर चर्चा की गई। रिटायर सीनियर आईसीएआर साइंटिस्ट डॉ. मालती, डॉ. रामाकृष्ण रिटायर डारेक्टर, डॉ. बकुल लाड, डॉ. पुनिका सिलोदिया, प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी, एमएल नायक, नारायण दास मंचाशीन रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन राज राठी ने किया।




## जैव विविधता कार्यशाला का आयोजित

**बिछुआ.** चैन्नई से आए वैज्ञानिकों ने जैवविविधता के विषय में विस्तार से जानकारी दी एवं आगामी समय में हमारा देश जड़ी-बूटी को संजोए रखने में सहायक होता दिखाई दे रहा है बिछुआ में शुक्रवार को जनपद पंचायत सभा कक्ष में देश के प्रख्यात वैज्ञानिको के द्वारा जैवविविधता कार्य शाला का आयोजन किया गया जिसमें वैज्ञानिकों ने जनपद पंचायत में विभाग प्रमखो को जैवविविधता के विषय पर जानकारी दी.



## देश के विख्यात वैज्ञानिकों के द्वारा पीबीआर का विमोचन किया गया

**आर्यावर्त समाचार छिंदवाड़ा**

सतीश डोंगरे *दैनिक भास्कर* बिछुआ 9424362753

## बिछुआ जनपद पंचायत लोक जैव विविधता पंजी सर्वश्रेष्ठ घोषित

**बिछुआ.** राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण चेन्नई, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ कर्नाटक के सेवानिवृत्त संचालक व विख्यात वैज्ञानिक डॉ. रामाकृष्णा और राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण चेन्नई के वैज्ञानिक डॉ. विजय मालती ने शनिवार को जिले की जनपद पंचायत बिछुआ के सभाकक्ष में जनपद पंचायत की जैव विविधता प्रबंधन समिति द्वारा वैज्ञानिक आधार पर तैयार की जैव विविधता पंजी का विमोचन किया। लोक जैव विविधता पंजी को सर्वश्रेष्ठ पंजी घोषित किया गया है।

जपं बिछुआ की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती ममता कुलस्ते ने बताया कि बॉटनिस्ट डॉ.ओमकार बविस्टाले, शासकीय विद्यालय रामाकोना के प्राचार्य अब्दुल हक खान और शोधार्थी राजकुमार धुर्वे द्वारा दो वर्षों की कठिन मेहनत के बाद इस पंजी का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर जैव विविधता बोर्ड भोपाल के

## मध्यप्रदेश में बिछुआ जनपद पंचायत लोक-जैव विविधता पंजी सर्वश्रेष्ठ

**बिछुआ27नवम्बर( जनपक्ष )।**



# बुक पोस्ट

प्रति,

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................


प्रेषक –

**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**
प्रथम तल, किसान भवन,
अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011 (मध्यप्रदेश)
फोन : 0755–2554549, 2554539, 2764911
ई–मेल : mpsbb@mp.gov.in
वेबसाईट : www.mpsbb.nic.in



| संरक्षक | संपादक मण्डल | | |
|---|---|---|---|
| **डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा**<br>सदस्य सचिव | डॉ. बकुल लाड<br>सहायक सदस्य सचिव<br>(सी. एण्ड. डी) | डॉ. एलिजाबेथ थॉमस<br>सहायक सदस्य सचिव<br>(बायो) | शिवप्रताप सिंह बघेल<br>सहायक सदस्य सचिव<br>(प्रशा. / वित्त) |